## खबर संक्षेप

### मैहर कलेक्टर की पहल पर वृद्धजनों को कराया गया माता के दर्शन और किया गया सम्मान



**मैहर।** चैत्र नवरात्र मेले के दौरान अष्टमी को मैहर कलेक्टर रानी बाटड की पहल से शारदा प्रबंध समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के 20 वृद्ध जनों को रोपवे के माध्यम से जगत जननी मां शारदा के दर्शन हेतु भेजा गया। साथ ही माता की चुनरी से सभी का सम्मान किया गया। कलेक्टर के इस पहल से वृद्ध जनों में काफी खुशी देखी गई। इस मौके पर तहसीलदार जितेंद्र पटेल,देव मिश्रा,एस बी सिंह सहित समिति की कर्मचारी और वृद्धाश्रम का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### 102 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक ने घर से किया मतदान



**सतना।** होम वोटिंग क्रम लगातार जारी है। दूसरे दिन मंगलवार को सतना लोकसभा क्षेत्र निर्वाचन में अमरपाटन के 102 वर्षीय मतदाता रामचरण त्रिपाठी (सेवानिवृत शिक्षक) ने घर से मतदान किया। इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र निर्वाचन में अमरपाटन की पीडब्ल्यूडी मतदाता आरती पटेल ने घर से मतदान किया।

### छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**सतना।** संसदीय क्षेत्र के मैहर विधान सभा में मतदान जागरूकता रैली मैहर के विवेकानंद महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा आगामी चुनाव में निस्वार्थ भाव से मतदान करने की शपथ ली गई। साथ ही अपील की गई की एक जागरूक मतदाता बने और संकल्प ले की चुनाव में किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे।राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के छात्रों का संदेश है की बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। मताधिकार आपकी ताकत है और नैतिक मतदान आपकी जिम्मेदारी। राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर रोहित साहू ने बताया की महाविद्यालय में इस माह में प्रतिदिन वृक्षारोपण तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसका संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव एवं डॉ.गुंजा पवार साथ ही महा विद्यालय के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया इसके अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना Nss के वॉलिंटियर रोहित साहू,शिवम विश्वकर्मा रोहित तिवारी,विपिन पाल,रुचि शुक्ला,मधु पटेल,हेमा पाल,सरिता साहू,ज्योत्स्ना साहू सहित अन्य सभी स्वयंसेवक द्वारा वृक्षारोपण साफ सफाई,मतदान जागरूकता का कार्य किया।



### एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया माता के दर्शन और पूजा अर्चना

# मां शारदा की नगरी मैहर में अष्टमी के दिन उमड़ा भक्तों का सैलाब

सतना। मां शारदा की नगरी मैहर में अष्टमी के दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शारदा देवी के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। खबर लिखे जाने तक भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी था। आपको बता दे कि यहां पर देश-विदेश से लोग मां शारदा के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। मैहर में अभी तक 9 लाख से ज्यादा श्रद्धालु माता के दर्शन कर चुके हैं।

#### सीढ़ियों से भी पहुंचे बड़ी संख्या में लोग

मैहर में रोपवे के अलावा सीढियों से भी बड़ी संख्या में लोग माता की दर्शन करने पहुंचे रहे। अष्ठमी को 1063 सीढियां चढ़कर दरबार में हाजिरी लगाने और मत्था टेकने वालों की संख्या 80 हजार का आंकड़ा पार कर गई। हलांकि पट बंद होने तक यह संख्या एक लाख के उपर पहुंच जाएगी। सीढियों से पहुंचने वाले भक्तों के अलावा बड़ी संख्या में लोग रोपवे और समिति की तरफ से संचालित वैन के जरिए भी मंदिर पहुंचे। मंगलवार की शाम शाम तक लगभग 80 हजार भक्त माता की डयोढ़ी पर मत्था टेक चुके थे। नवरात्रि के आठ दिनों में मैहर में देवी दर्शन करने वालों की संख्या साढ़े 8 लाख से ज्यादा हो चुकी है जबकि एक दिन का मेला अभी शेष है।

#### अष्टमी पर मंदिरों और घरों में हुए हवन व कन्या भोज

चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मंगलवार को सतना सहित जिले भर के मंदिरों में सुबह से ही देवी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। यह सिलसिला देर शाम तक चला। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी



मंदिरों में हवन हुआ। हवन के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कई स्थानों में नौ कन्या भोज भी कराया गया। चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन देवी स्थलों पर माता की विशेष आरती हुई। शुभ मुहूर्त में हवन पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद माता के नौ रूपों को नौ प्रतीक स्वरूप भोग लगाने के उद्देश्य से नौ कन्या भोज का आयोजन विभिन्न स्थलों पर हुआ। नौ कन्या भोज के लिए बच्चों की पूछ परख बढ़ गई अष्टमी पर पूर्णाहूति होने के बाद नौ कन्या भोज कराया जाता है। नौ कन्या भोज के लिए मंदिरों व घरों के आसपास छोटे बच्चों की पूछ परख बढ़ गई। कई लोगों को छोटी बच्चियों को भोजन कराने के लिए ढूंढते हुए मशक्कत करनी पड़ी। सभी बच्चों को खीर,पूड़ी,हलवा के साथ भोजन कराया गया। पश्चात सबको पैसे व श्रीफल भी दिए गए। जो लोग अष्टमी पर नौ कन्या भोज नहीं कर पाए वे नवमी पर नौ कन्या भोज कराएंगे।

#### आज जगह-जगह भंडारे

नवमी को अलग-अलग मंदिरों में भंडारे का आयोजन होगा। हवन के बाद लोगों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं, बुधवार को रामनवमी के मौके पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## हिंदू पर्व समन्वय समिति की श्री रामनवमीं शोभा यात्रा आज

#### भव्य रथ में निकलेगी रामलला की सवारी

**सतना।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव श्री रामनवमी पर्व पर हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाली श्री रामनवमी शोभायात्रा के स्वागत एवं प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए संपूर्ण नगर भगवा ध्वज-झालर और आकर्षक साज-सज्जा के साथ तैयार है। नगर के समस्त सामाजिक, व्यावसायिक, राजनीतिक जाति-बिरादरी एवं धार्मिक संगठन रामजी की शोभायात्रा में सहभागिता के लिए पूरी सक्रियता के साथ लगे हुए हैं। हिंदू पर्व समन्वय समिति के संयोजक लखनलाल केशरवानी ने बताया कि अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला जी की प्राणप्रतिष्ठा पश्चात आयोजित प्रथम शोभायात्रा में नगरवासियों का उत्साह विगत वर्षों से भी अधिक है एवं संयोजन समिति सदस्य योगेश ताम्रकार के संकल्प अबकी बार-हर परिवार को पूरा करने के लिए संकल्पित है। विंध्य क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगरवासी शोभायात्रा में राम लला जी की आरती और स्वागत करने के लिए आतुर है।



#### 5 बजे निकलेगी शोभायात्रा

हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित शोभायात्रा आज शाम 5 बजे विद्वत आचार्यों के मंत्रोच्चार एवं शंखध्वनि के साथ श्री गुरुद्वारा नानक दरबार परिसर से प्रारंभ होगी। इसके पूर्व संत समाज एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य एवं मनोहारी रथ में विराजमान प्रभु श्रीराम की आरती-पूजन एवं माल्यार्पण किया जाएगा। समन्वय समिति के प्रचार प्रमुख अनुराग गोस्वामी ने बताया कि संतों के सानिध्य एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति एवं मातृशक्ति-युवा शक्ति के साथ विशाल ध्वजवाहिनी एवं आकर्षक बैंड बाजा की भक्तिमयी धुनों के साथ श्री रामनवमी शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए शाम साढ़े सात बजे श्री राम दरबार मंदिर सुभाष पार्क पहुंचेगी। जहां विशाल मंच में प्रभु श्रीराम एवं शोभायात्रा में चलने वाले सभी झांकियों के दिव्य स्वरूपों की भव्य आरती एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजनों की प्रस्तुति आकर्षक आतिशबाजी एवं प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।

## सतना की काजल ने यूपी पीएससी एग्जाम में मारी बाजी, हासिल की 485 वी रैंक

**सतना।** यूपीएससी के एग्जाम में सतना की बेटी ने सफलता हासिल करके सतना जिले का गौरव बढ़ाया है। उनके पिता विजय प्रताप सिंह यहां पर कोलगंवा थाने में उप निरीक्षक पद पर पदस्थ हैं। उनकी दो पुत्रियां और एक पुत्र हैं। दूसरे नंबर की बेटी काजल है। काजल के पिता विजय सिंह ने बताया कि बड़ी बेटी आयुषी भी दिल्ली में यूपीएससी के एक्जाम की तैयारी कर रही है। बेटा युवराज ने 12 वीं का एग्जाम दिया है। विजय सिंह और उनका परिवार उत्तर प्रदेश के मानिकपुर के मूल निवासी है। उनकी पूरी नौकरी का कार्यकाल रीवा संभाग के ज्यादातर सतना जिले में बिताया है। वे सतना के उतैली में रहते हैं जहां पर बच्चे भी रहकर पढ़ाई करते हैं। काजल की प्राथमिक से हायर सेकेंड्री की पढ़ाई सतना के कांवेंट स्कूल सेंट माइकल स्कूल में हुई। काजल ने साइंस सब्जेक्ट से 12 वीं की लेकिन यूपीएससी के लक्ष्य को साध चुकी काजल ने सतना के डिग्री कालेज से बीए कर अपनी बहन आयुषी के पास दिल्ली का रुख किया।



## देवालय समिति का पक्षियों का सहारा अभियान कलेक्टर निवास से शुरू

#### पेड़ों पर टांगे गए सकोरे

**सतना।** देवालय समिति के सदस्यों ने भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों का सहारा अभियान मंगलवार से कलेक्टर बंगले से प्रारंभ किया गया। पहले दिन यहां पर पेड़ों पर बड़ी संख्या में सकोरे लगाए गए। कलेक्टर द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए पेड़ो में सकोरे लगाए गए एवं उनमें नियमित पानी एवं दाने डालने का संकल्प लिया गया। अभियान के प्रथम दिवस में देवालय समिति से सौरभ त्रिपाठी,सुनील पटेल,जय प्रकाश,हिमांशु मिश्रा एवं सतेंद्र सिंह चौहान सम्मिलित हुए।देवालय समिति आप सभी से भी आग्रह करती है कि आप सभी अपने अपने घरों के बगीचे में पक्षियों के लिए सकोरे (जलपात्र) की व्यवस्था अवश्य करें। इस सेवा कार्य के माध्यम से अपने घरों के बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए प्रेरित करें।



## व्यवसायी और भाजपा नेता धर्मेश चतुर्वेदी का सड़क हादसे में दुखद निधन

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के नेता धर्मेश चतुर्वेदी का एक सड़क हादसे में निधन हो गया। धर्मेश का सामाजिक,राजनैतिक और व्यवसायिक क्षेत्र में भी प्रभाव था। उनके निधन की खबर से सतना में शोक की लहर दौड़ गई है। सतना के युवा व्यवसायी,ब्राह्मण संगठन और भाजपा के नेता धर्मेश चतुर्वेदी का झांसी के शंकर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। सागर के बंडा के पास सोमवार की सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में बेहद गंभीर रूप से घायल हुए धर्मेश को इलाज के लिए झांसी ले जाया गया था। शंकर हॉस्पिटल में उनकी सर्जरी भी की गई थी लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ और सोमवार को देर रात उन्होंने अंतिम सांस ले ली। बताया जाता है कि धर्मेश अपने साथी अनूप और प्यारेलाल के साथ कार से इंदौर से सतना लौट रहे थे। सोमवार की सुबह लगभग 7 बजे बंडा सागर में उनकी कार एक मोड़ पर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ड्राइव कर रहे धर्मेश उसमे फंस गए। पुलिस ने सब्बल से गेट तोड़ कर उन्हें बाहर निकाला। धर्मेश के सिर,चेहरे,जबड़े और पेट मे गंभीर चोटें आई थीं। हादसे की सूचना मिलने पर छतरपुर में रहने वाले उनके मामा भी सागर पहुंच गए थे। इलाज के लिए धर्मेश को झांसी ले जाया गया था। भाजपा नेता धर्मेश के निधन की खबर से सतना में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके समर्थक स्तब्ध रह गए हैं। उनके घर पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। श्री चतुर्वेदी का शव मंगलवार की शाम तक सतना पहुंचा। उनका बुधवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**धर्मेश चतुर्वेदी का निधन बडी क्षतिः सुरेंद्र शर्मा**
जदयू नेता व अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेश चतुर्वेदी के निधन गहन शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन की खबर से स्तब्ध हूं वो एक शानदार जननेता और व्यक्तित्व से परिपूर्ण समर्पित समाजसेवी थे जिन्होंने अपने राजनैतिक जीवन में जनहित के लिए लम्बा संघर्ष किया और लोगों के दिलों में अपना अहम स्थान बनाया जिले के जनमानस में उनके काम और योगदान को हमेशा याद किया जाएगा निश्चित ही उनका निधन एक बडी क्षति है मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर आत्मा की शांति की ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

### सतना में प्रथम चरण की होम वोटिंग सुविधा के तहत 15अप्रैल को 788 मतदाताओं ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान

**सतना।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर सभी एआरओ तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन अभ्यर्थी उपस्थिति रहे। होम वोटिंग के दूसरे दिन मंगलवार को सतना लोकसभा क्षेत्र निर्वाचन में अमरपाटन के 85 वर्षीय मतदाता शिवनाथ ने घर से किया मतदान। होम वोटिंग के दूसरे दिन मंगलवार को सतना लोकसभा क्षेत्र निर्वाचन में अमरपाटन की 90 वर्षीय मतदाता श्रीमती हिंगी पटेल ने घर से मतदान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना अनुराग वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन में मतदान दलों की रवानगी और वापसी के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने वीसी के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से चर्चा की। सतना के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा,सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,डीपीओ सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी,डॉ क्रांति मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

# अष्टमी पर घरों और मंदिरों में पूजा

**अनूपपुर/कोतमा।** नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन की पूजा अर्चना मंदिरों और घरों में की गयी। जिला मुख्यालय अनूपपुर सहित कोतमा, बिजुरी, राजनगर, रामनगर, जैतहरी, वेंकटनगर, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक, चचाई, अमलाई गोविंदा, लहसुई, परासी, बुढानपुर के दुर्गा मंदिरों में पूर्णाहूति की गयी। जिसके बाद माता की महाआरती का आयोजन हुआ। नवरात्र के अवसर पर मंगलवार को महाअष्टमी पर मां दुर्गा का पट खुलते ही दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। विधि विधान से मां की पूजा-अर्चना की गयी। श्रद्धालु हाथ में सजी पूजा की थाल जिसमें नारियल, चुनरी, धूप, दीप, नवैद्य आदि लेकर अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। मान्यता है कि अष्टमी को मां की महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। मां महागौरी की अष्टमी शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन इनकी उपासना व पूजन करने की परंपरा रही है। माता का आठवां रूप अति सुन्दर है। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र ब्रह्माण्ड की तरह गोल हैं, जिनसे विद्युत की ज्योति चमकती रहती है। मां महागौरी के दिव्य स्वरूप का ध्यान हमें लोभ, स्वार्थपरतता जैसी आसुरी शक्तियों से निजात दिलाकर आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की राह दिखाता है। भक्तों ने पंडितों के सानिध्य में महागौरी का पूजन पाठ कर विधिपूर्वक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। आरती के बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिये भक्तों की दिनभर भीड़ रही। नवरात्रि के आठवें दिन सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे थे। महिलाएं सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर माता को जल चढ़ाने के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना की। मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का माता के दर्शन करने के लिए तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर माता को आठवांइन का प्रसाद भी चढ़ाया। श्रद्धालु अपनी मन्नतें पूरी होने के बाद मंदिरों में पहुंचकर मुंडन कन्छेदन एवं कथा सुनते दिखे। लोगों ने अष्टमी के दिन नये वाहनों की भी खरीदी करते हुए मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की।

#### कन्या भोज का हुआ आयोजन

नवरात्रि के आठवें दिन नगर के पंचायती मंदिर शारदा काली माता मंदिर ठाकुर बाबा धाम स्थित कामेश्वरी मंदिर बूढी माता मंदिर धर्मशाला मंदिर गोहांड्रा स्थित काली मंदिर बुढानपुर गांव में स्थित अन्नपूर्णा माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन सुबह से लेकर दोपहर तक चलता रहा। लोगों ने अपने-अपने घरों में भी कन्या भोज का आयोजन कन्याओं के पर पूजन के पश्चात कराया और उन्हें उपहार भी दिए। मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने भी अपने निवास पर कन्याओं के पैर पूजन करते हुए उनकी आरती उतारी उन्हें चुनरी पहनाया और कन्या भोज कराया।

#### रोशनी से जगमग मंदिर

नवरात्रि के आठवें दिन नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों को रोशनी से जगमग किया गया था मंदिरों का नजारा ही देखते बन रहा था। नगर के ठाकुर बाबा धाम गोहांड्रा स्थित काली मंदिर धर्मशाला मंदिर में भक्तों के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया था श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भंडारे का प्रसाद लिया ।

#### धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी का त्योहार नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा । मंदिरों से जवारा जुलूस निकाला जाएगा जो नगर में भ्रमण करता हुआ नदी एवं सरोवर में जवे का विसर्जन किया जाएगा । जावरा जुलूस नगर के ठाकुर बाबा धाम मंदिर पंचायती मंदिर शारदा काली मंदिर दफाई टोला मढिया विकास नगर कॉलेज टेक मडिया बूढी माता मंदिर पुरानी बस्ती स्थित दुर्गा मैया से निकल जाएगा जो नगर के प्रमुख मार्ग में काली के खप्पर नृत्य के साथ घूमेगी। ठाकुर बाबा धाम मंदिर से भगवान राम की झांकी भी निकल जाएगी जो नगर भ्रमण के पश्चात ठाकुर बाबा धाम मंदिर में समापन किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 7 मे बूढी दाई मंदिर मे मां शारदा की मूर्ति स्थापित है जहां भक्तों की अपार भीड़ रहती है जहां षष्ठमी के दिन कन्या भोज कराया गया।

### एकेएस के बी फार्मेसी विद्यार्थियों ने किया पिकनिक एंजॉय



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना के फार्मेसी विभाग के डायरेक्टर डॉ.सूर्य प्रकाश गुप्ता के मार्गदर्शन में बी.फार्मेसी सेकंड,थर्ड और फाइनल सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने शिमला हिमाचल प्रदेश,चंडीगढ़ और दिल्ली का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान स्टूडेंट्स ने श्यामला देवी,समर हिल और अन्य खूबसूरत लोकेशंस का मुजाहिरा किया। छात्र-छात्राएं शिमला में मौजूद कालीबाड़ी मंदिर भी पहुंचे। हिमाचल प्रदेश की इंडस्ट्रियल विजिट के साथ ही यहां के खूबसूरत लोकेशंस पर उन्होंने फोटो सेशन किए,पिकनिक की और पार्टी भी एंजॉय की। इस पिकनिक पार्टी का उद्देश्य बताते हुए फार्मेसी विभाग अध्यक्ष डॉ.सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया की फार्मा उद्योग की कार्यप्रणाली और उसमें रोजगार की संभावनाओं के उद्देश्य से यह पिकनिक निर्धारित की गई थी। फार्मेसी विभाग की पिकनिक पार्टी ने भारतीय सरकार के अनेक कार्यालय राष्ट्रपति भवन,संसद भवन के साथ पुरातात्विक दृष्टि से कुतुब मीनार और लोह स्तंभ जैसे विश्व प्रसिद्ध निर्माण स्थलों का भी भ्रमण किया। यादगार पिकनिक के दौरान यात्री टूरिस्ट बस में डॉ.मधु गुप्ता,फैकल्टी प्रभाकर तिवारी और नेहा गोयल के साथ बैचलर ऑफ फार्मेसी विभाग के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### देवेन्द्रनगर में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**पन्ना**। लोकसभा चुनाव में 26 अप्रैल को मतदान दिवस पर अधिकाधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनअभियान परिषद एवं नगर परिषद देवेन्द्रनगर के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताया गया। साथ ही परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने के संबंध में जागरूक किया गया। नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकाली गई रैली में नगर व ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष व सचिव सहित छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। इस दौरान मतदाता संगोष्ठी का आयोजन कर मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई।

### एसएसटी द्वारा रखी जा रही निगरानी



**पन्ना**। लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार के निर्देशन में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने के लिए एसएसटी और एफएसटी दलों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले में अंतर्राज्यीय और अंतर जिला नाके स्थापित कर अलग-अगल पालियों में लोकसेवकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। निर्वाचन के दौरान धनबल, बाहुबल तथा मादक पदार्थों का दुरूपयोग रोकने के लिए जांच दलों द्वारा तत्परता से कार्यवाही की जाती है। इस दौरान 50 हजार रूपए से अधिक नगदी पाए जाने पर वैध दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अलावा अधिक मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण इत्यादि के संबंध में भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

### श्री रामनवमीं पर प्राकट्य पर्व का होगा आयोजन

**पन्ना**। संस्कृति विभाग द्वारा बुधवार, 17 अप्रैल को श्री रामनवमी पर्व के अवसर पर एकाग्र प्राकट्य पर्व का आयोजन श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना में किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने कार्यक्रम आयोजन के लिए जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही वर्तमान में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं लोकसभा निर्वाचन के संबंध में जारी गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित कराते हुए कार्यक्रम आयोजन के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त समारोह स्थल पर संपूर्ण आवश्यक व्यवस्था, कार्यक्रम संचालन में सहयोग तथा संपूर्ण समारोह की निगरानी के संबंध में भी निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था व साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था का दायित्व भी सौंपा गया है। चुनाव आयोग से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार इस वर्ष यह आयोजन बेहद सादगी के साथ आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए आयोजित किया जाएगा।

### बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**पन्ना**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस मौके पर लोकसभा निर्वाचन में संलग्न समस्त वाहनों के चालक, परिचालक और हेल्पर का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आवश्यक जानकारी प्रदान की। बताया गया कि लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। आयोग के निर्देशानुसार वाहन में संलग्न कर्मियों का भी मतदान सुनिश्चित कराया जाना है।

## श्री राम जानकी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन एवं विशाल शोभा यात्रा का आयोजन

# पन्ना नगर के प्रमुख चौराहों और गलियों में होगा शोभायात्रा का भव्य स्वागत



### राम जी की सेना चली के स्वर की गूंज से गूंजेगा पन्ना

**पन्ना**। श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में पन्ना नगर को रंगीन प्रकाश और बंदनवारो से सजाया गया है, और भगवान के प्रकटोत्सव की भव्य तैयारियां की जा रही है श्री राम जानकी मंदिर में दिन में 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव होगा और श्री राम जानकी मंदिर से 4 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है जगह-जगह भक्ति के गीत सुनाई दे रहे हैं हर वर्ष की तरह जहां पूरे 8 दिन प्रभात फेरी का आयोजन किया गया प्रतिदिन प्रभात फेरी में श्रद्धालु भक्त शामिल हो रहे हैं नगर के प्रमुख स्थानों से निकलने वाली इस प्रभात फेरी का स्वागत अस्पताल चौराहे में धीरज तिवारी गुड्डू भैया ने मिठाई हलवा और आलू बंडा खिलाकर किया, और गांधी चौक में



विशेष आरती का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह शामिल हुए। श्री राम जन्मोत्सव समिति के सदस्य तरुण पाठक,देवेंद्र सिंह बबलू यादव, शिवकुमार त्रिपाठी, कल्लू शुक्ला, कमल लालवानी,अशोक गुप्ता ने बताया कि श्री राम जन्मोत्सव के बाद विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी इंद्रपुरी से प्रारंभ होकर अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, कटरा मोहल्ला, बस स्टैंड बेनीसागर, गांधी चौक होते हुए श्री राम जानकी मंदिर पहुंचेगी, इस शोभायात्रा में रंगीन प्रकाश से सजी श्री रामचंद्र जी की झांकी, डीजे बैंड दलदल घोड़ी सहित भारी संख्या में शोभायात्रा में हजारों भक्त शामिल होंगे मंदिर समिति से जुड़े सदस्यों ने पन्ना नगर की सभी भक्तों श्रद्धालुओं और आम लोगों से इस विशाल शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### शोभायात्रा में शामिल होंगे सांसद

श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली जा रही है जिसमें सांसद विष्णु दत्त शर्मा शामिल होंगे वह श्री रामचंद्र जी के भक्तों का स्वागत करेंगे, इनके अलावा नगर की प्रमुख गणमान्य नागरिक विशेष जन इस शोभायात्रा में शामिल होंगे।

## झरकुआ खरीदी केंद्र में किसानों से अवैध वसूली कलेक्टर तक पहुंची शिकायत

पन्ना। जिले के प्राथमिक साख सहकारी समिति जरथोवा द्वारा संचालित खरीदी केन्द्र झरकुआ में गेहूं में बिना ग्रेडर लगाए किसानों से 50 रूपये प्रति क्विंटल अवैध वसूली की जा रही है जिससे किसान परेशान हैं। तौलाई के बाद कई दिनों तक रसीद नहीं दी जाती। इस प्रकार मनमानी और तानाशाही से परेशान किसानों ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं अनुसूचित जाति के नेता एडवोकेट संजय अहिरवार से अपनी परेशानी बताई। श्री अहिरवार ने कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर अति शीघ्र मामले की जांच





करवा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। किसानों ने बताया कि समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर और सर्वेयर के द्वारा किसानों से तौलाई के नाम पर 50 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन की मांग की जा रही है।

## नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग जरुर करें

**देवेन्द्रनगर**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अतंर्गत आगामी 26 अप्रैल 2024 को खजुराहो लोकसभा के लिये मतदान होना हैं जिसमें मतदाताओं को जागरुक करने एवं प्रेरित करने के लिये कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें देवेन्द्रनगर में नगर परिशद एवं जनअभियाान परिषद से संबद्व ग्राम प्रष्पुटन समिति नवांकुर फुलवारी एवं नगर प्रष्पुटन समिति देवेन्द्रनगर के तत्वाधान में मतदाताओं जागरुक करने के लिये रैली एवं नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया जिसमें सरस्वती हाई स्कुल एवं रैन्बो पब्लिक स्कूल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक के छात्र छात्राओं द्वारा पूरे देवेन्द्रनगर में रैली निकाल कर मतदाताओं को संदेश दिया गया की लोकतंत्र में भागेदारी निभानें के लिये आने वाली 26 अप्रैल को पहले मतदान फिर जलपान करे सारे काम छोड दो सबसे पहले बोट दो अपने अपने मताधिकार का प्रयोंग करे इसका संदेष दिया वही रैली का समापन नगर परिषद कार्यालय के सामने हुआ जिसमें सरस्वती हाई स्कूल के छात्रों द्वारा नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक करने का प्रयास किया एवं लोकतंत्र में एक बोट की कीमत क्या है इसको प्रर्दशित किया और सभी मतदाताओं से अपील की आने वाली 26 अप्रेल को अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। इस मौके में मुख्य रुप से पुनेकेश्वर द्विवेदी कार्यक्रम प्रभारी ,एम एल विश्वकर्मा नवांकुर संस्था प्रमुख, शैलेष अग्रवाल अध्यक्ष नगर प्रष्फुटन समिति देवेन्द्रनगर शिवेन्द नामदेव प्रधानाचार्य ,पूरन सिंह प्राचार्य आई के जैन ,हरदास सोनी, मुकेश चौरासिया , जितेन्द्र निगम , शिवचरण रजक , बृजेन्द्र पांडे दीपक सिंह माध्वी सेन ,अजयवीर,अनमिका गोस्वामी, उमंग पाठक मुकेश खरे मनोज विश्वकर्मा राजेश वर्मा ,अवधेश खरे अखिलेश श्रीवास अंजुम निशा गणमान्य नागरिक पत्रकारगण सहित नगर परिषद स्टाफ उपस्थित रहा।




## डाहीखेरा धाम के संत दंडी स्वामी का देवलोक गमन, क्षेत्र में शोक की लहर

**पवई**। पवई क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक डाहीखेरा धाम मैं अपना आश्रम बनाकर हमेशा धार्मिक कार्यों में लीन रहने वाले तपस्वी संत श्री दंडी स्वामी जी महाराज का रविवार को देवलोक गमन हो गया जैसे ही उनके



निधन की सूचना लोगों को लगी तो पूरे क्षेत्र आंचल में शोक की लहर दौड़ गई क्योंकि स्वामी जी के हजारों की संख्या में भक्त एवं शिष्य पवई क्षेत्र आंचल मैं है तथा स्वामी जी के धार्मिक कार्यक्रमों में तन मन धन से सहयोग करने वालों की संख्या भी बहुत है बता दें कि स्वामी जी को लोग गणेश स्वामी, दंडी महाराज, तथा थडेशरी महाराज के नाम से अलग-अलग क्षेत्र में लोग जानते हैं तथा पिछले कई वर्षों से डाही खेड़ा मैं स्थाई रूप से आश्रम बनाकर रह रहे थे उनका जन्म स्थान पन्ना जिले के बिसानी में है बचपन से ही उनका झुकाव धार्मिक क्रियाकलापों में रहा है जिस कारण उन्होंने 12 वर्ष निरंतर खड़े रहकर भगवान की तपस्या की ब्रह्मचर्य एवं सन्यासी जीवन मे रहकर कई बड़े-बड़े धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किये उनकी उपस्थिति में आश्रम में प्रतिदिन रामचरितमानस का निरंतर पाठ चलता रहा है 15 अप्रैल को दंडी स्वामी जी महाराज ने प्रसिद्ध तीर्थ काशी विश्वनाथ के गंगा घाट में अपना नश्वर शरीर त्याग कर देवलोक की ओर प्रस्थान कर गए।

## अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं के घर पहुंचकर कराया मतदान

# 107 वर्ष की गुंदाबाई राजपूत ने भी डाला वोट

**पन्ना**। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदान दल द्वारा 15 अप्रैल को अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं के घर पहुंचकर भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार मतदान संपन्न करवाया गया। खजुराहो लोकसभा की चंदला विधानसभा में मतदान दल द्वारा 18 अप्रैल को होम वोटिंग करवाई जाएगी। आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन में 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई थी। निर्धारित तिथि तक फार्म 12 डी में आवेदन करने वाले एवं सहमति प्रदान करने वाले ऐसे मतदाताओं द्वारा घर से मतदान किया गया। मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारी सोमवार को सुबह शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से





मतदान सामग्री प्राप्त कर निर्धारित रूट पर वाहनों से मतदान संपन्न कराने के लिए रवाना हुए। इस दौरान पात्र मतदाताओं ने घर से सुगमतापूर्वक मतदान किया और आयोग द्वारा प्रदान इस सुविधा की सराहना भी की। किन्हीं कारणोंवश मतदान दल के प्रथम भ्रमण के दौरान मतदान से वंचित अनुपस्थित श्रेणी के मतदाता द्वितीय भ्रमण के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत होम वोटिंग की सहमति प्रदान करने वाले पन्ना जिले में अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 813 है, जबकि छतरपुर जिले में 271 और कटनी जिले में 881 मतदाता हैं। होम वोटिंग के दौरान ग्राम मड़ला निवासी 107 वर्षीया गुंदाबाई ने भी घर से मतदान किया और अपनी उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाकर कर्त्तव्य निभाने का संदेश दिया। उनके पुत्र ने बताया कि उनके वृद्ध माता मतदान केन्द्र तक पहुंचने में अक्षम थीं। आयोग द्वारा प्रदान की गई इस सुविधा के बारे में बताने पर उन्होंने घर से मतदान करने की इच्छा जताई। गुंदाबाई की भांति 85 वर्ष से अधिक आयु के अन्य बुजुर्ग मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं द्वारा भी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग किया गया और भारत निर्वाचन आयोग का आभार जताकर खुशी व्यक्त की गई।




## भाजपा जिला अध्यक्ष ने पवई कार्यालय में ली कार्यकर्ताओं की बैठक



### सीएम के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को सोंपे कार्य

**पवई**। आगामी 26 अप्रैल को मध्य प्रदेश में दूसरे चरण के लिए मतदान होना है। जिसमें खजुराहो विधानसभा क्रमांक 8 में भी 26 अप्रैल को मतदान होगा। जिसको लेकर लगातार पार्टियों के नेता,स्टार प्रचारको के दौरे जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ब्रजेंद्र मिश्रा ने भाजपा कार्यालय पवई में पहुंचकर पवई मण्डल एवं बनौली में रैपुरा मण्डल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली एवं आगामी 18 अप्रैल को प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम रोड शो को लेकर चर्चा की एवं उन्हें दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर श्री मिश्रा ने कहा कि कि आप लोग संकल्प ले कि आगे आने वाली 26 तारीख को हमें अधिक से अधिक मतदान करवाना है हमारा एक-एक कार्यकर्ता हजारों कार्यकर्ताओं के समान है। श्री मिश्रा ने कहा की आगामी 18 तारीख को प्रदेश के मुखिया माननीय मोहन यादव जी पवई पधार रहे हैं तथा पवई में वह रोड शो करेंगे। श्री मिश्रा ने कहा कि हमें है प्रयास करना है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पवई की जनता और कार्यकर्ता अपने लाडले मुख्यमंत्री का स्वागत करने आए। श्री मिश्रा ने कहा कि हमे डबल इंजन की सरकार को। जिताना है हमारे कार्यकर्ताओं को है प्रयास करना होगाकी हमारा एक भी बोट बरबाद न जाये। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री मोहन यादव पवई के महाराजा छत्रसाल स्टेडियम में हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचेंगे जहां से वह वाया रोड के द्वारा पवई नगर का भ्रमण करते हुए दर्जन भर गांवों से होते हुए मोहन्द्रा से कुआं ताल बनौली पहुंचेंगे जहां वह सबसे पहले माता कंकाली के दर्शन करेंगे उसके बाद मंचीय सभा से कार्यकर्ताओं एवं आमजन को भी संबोधित करेंग।

## मारपीट कर आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित करने वाले आरोपीगणों को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास व जुर्माना

**पन्ना**। जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, थाना धरमपुर में दिनांक 01.01.2022 को फरियादी अवधेश राजपूत निवासी रतनपुर ने रिपोर्ट की थी कि फरियादी की पत्नी रोशनी राजपूत के साथ पिता रामलखन, चाचा महेश, भाई रामदास एवं माँ मुन्नीबाई घर के अंदर मारपीट कर रहे थे। मैं, मेरा साला रामदास बचाने दौडे तो यह लोग हमको मारने दौडे कुछ समय बाद घर के अंदर जाकर देखा तो मेरी पत्नी रोशनी फाँसी के फन्दे पर मरी टंगी थी, रिपोर्ट पर मर्ग क्र. 01/22 धारा 174 जाफौ कायम किया गया। मर्ग जाँच के दौरान मृतिका के पति अवधेश का कथन लिया गया जिसमें फरियादी ने बताया कि दिनांक 01.01.2022 को करीब 03.00 बजे मैं, मेरी पत्नी रोशनी, मेरा साला रामदास, ससुर सीताराम, चाचा जयपाल, चुनवाद और मानसिंह रतनपुर आये थे जहाँ पर मेरे घर में मेरे पिता रामलखन, चाचा मैसे, भाई रामदास, मॉ मुन्नी बाई मिले थे उन्होने मेरी पत्नी व मुझे घर सें जाने के लिये कह दिया था फिर मेरी पत्नी रोशनी, छोटा साला रामदास घर में रुक गये थे और मेरे ससुर सीताराम और चाचा ससुर जयपाल चुनवाद, मानसिह 04.00 बजे चले गये थे जब मेरे ससुर बगैरह चले गये उसके कुछ देर बाद मेरा पिता रामलखन चाचा मैसे, मॉ मुन्नी बाई, भाई रामदास आये और मेरी पत्नी रोशनी के साथ मारपीट करने लगे वह लोग मेरी पत्नी की मारपीट घर के अंदर कर रहे थे, मैं और मेरा साला रामदास बचाने दौडे तभी चाचा मैसे भाई रामदास मुझे और मेरे साले को मारने दौड़े तो मैं, मेरा साला रामदास दौड़ कर रोड तरफ गये और अपने ससुर को फोन लगाया कुछ देर बाद मेरे ससुर एवं चाचा ससुर आ गये हम सभी ने घर के अंदर जाकर देखा तो मेरी पत्नी रोशनी फाँसी के फंदे पर मरी टंगी थी फिर मैने वा मेरे ससुर ने थाना धरमपुर को सूचित किया था कुछ देर बाद पुलिस गाँव आ गई थी। रिपोर्ट करता हूँ कार्यवाही की जाये। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना धरमपुर में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उक्त अपराध को शासन द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप मे चिन्हित किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना सुधीर कुमार बेगी (उप निरीक्षक) द्वारा की गयी। माननीय न्यायालय श्रीमान इन्द्रजीत रघुवंशी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री संदीप कुमार पाण्डेय द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण- 1. मुन्नीबाई लोध 2. रामलखन लोध 3. रामदास लोध 4. महेश लोध के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगणों के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय श्रीमान इन्द्रजीत रघुवंशी, प्रथम सत्र न्यायाधीश पन्ना की न्यायालय द्वारा आरोपीगण- 1. मुन्नीबाई लोध 2. रामलखन लोध 3. रामदास लोध 4. महेश लोध को धारा- 306 सहपठित धारा 34 भादसं. में 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2000-2000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं निशुल्क दवा वितरण की गई

**पन्ना**। लीनेस क्लब पन्ना लगातार सेवा कार्यों में लगा हुआ है क्लब की बहनों द्वारा पन्ना के मैस्कॉट हॉस्पिटल में मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें डॉक्टर केपी राजपूत ,डॉक्टर भारती खरे, डॉक्टर जागृति राजपूत, द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं निशुल्क दवा वितरण की गई जिसमें 170 मरीजों को लाभ प्राप्त हुआ। वहीं गर्मी से बचने हेतु राहगीरों को निशुल्क शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी क्लब की बहनों द्वारा की गई। क्लब की बहने ऐसे ही जन कल्याण सेवा कार्य आगे भी करती रहेंगी। जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष शिखा पांडे, सचिव शालिनी जायसवाल, कोषाध्यक्ष शशि वाला त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष रचना पाटकर, राखी पाटकर ,अमिता तिवारी ,अंजलि गोस्वामी, साधना पाटकर, अंजली सिंह, आशा गढ़पाले ,मुदिता निगम, मल जैन, मनीष दीक्षित ,निधि पटेरिया, कुमकुम राजे ,संगीता राय ,श्वेता गुप्ता ,स्मिता पाठक ,उषा मिश्रा, सुनीता गुप्ता, स्वीटी सिंह चौहान, वर्षा जैन ,प्रियंका शिवहरे उपस्थिति रही।

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा हरद्वाही को ग्राम महेवा में स्थानांतरित किया जा रहा है, असुविधा के लिये खेद है।

धन्यवाद

## खबर संक्षेप

### 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रथम चरण की मतदान तिथि 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### शिवसेना ने की भगवान श्रीराम की महाआरती



**छतरपुर।** शिवसेना द्वारा रामनवमी के दो दिन पूर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की महाआरती का आयोजन स्थानीय छत्रसाल चौराहे पर अमर ज्योति नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित भगवान राम की मूर्ति के समक्ष की गई। युवा शिवसेना अध्यक्ष नीतेश तिवारी ने बताया कि अयोध्या धाम की तर्ज पर छत्रसाल चौराहे पर भगवान राम जी की प्रतिमा स्थापित है जो अयोध्या धाम में विराजे प्रभु श्रीराम जी के मूर्ति प्रदर्शित करती है। शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी के मार्गदर्शन में महाआरती का आयोजन किया गया। इस महाआरती में शिवसैनिक एवं भक्तजन शामिल हुए साथ ही नगर के गणमान्य नागरिक वरिष्ठ पत्रकार सहित सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### डेढ़ सौ किमी की दूरी तय कर अपने रेयर ब्लड से बचा ली पीड़ित की जान

**छतरपुर।** जब रक्तदान की अलख हो तो दूरियां मायने नहीं रखतीं। आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने बताया की 35 वर्षीय युवक अर्जुन सिंह जिसे ब्लड की अत्यंत कमी थी। पीड़ित का ब्लड ग्रुप ए नेगेटिव था जो बहुत रेयर होता है। पीड़ित के परिजन ललोनी के कैलाश सिंह ने बताया की पिछले तीन हफ्तों से सभी लोग ब्लड के लिए भटक रहे लेकिन कहीं से ब्लड की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। उधर पेशेंट की हालत गंभीर हो गई थी जब यह जानकारी आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान को मिली तो उन्होंने तुरंत प्रयास करना शुरू किया और डुमरा निवासी वीरेंद्र पटेल से संपर्क किया जो सुबह ही निमंत्रण में सागर गए थे। उन्हें स्थिति से अवगत कराया कि आज ही ब्लड की बहुत आवश्यकता है कल तक का समय नहीं है। उन्होंने तुरंत रक्तदान के महत्व को समझा और बाइक से 150 किमी से आकर तुरंत रक्तदान किया।

## बूंद बूंद पानी को परेशान ग्रामवासी

# सिंगारपुर में लगभग 2 माह से खराब है हैंड पंपः जल सकंट

**सरबई।** जनपद पंचायत गौरिहार के अंतर्गत सिंगारपुर में इन दिनो पानी की परेशानी ग्रामीणो के लिये बड़ी समस्या बनी हुई। गाँव के 3 हेण्ड पम्प खराब होने के कारण ग्रामीणो को पानी की किल्लत झेलना पड़ रही है। सिंगारपुर पंचायत भवन के बगल में लगा हेण्डपम्प इसके साथ गाँव के अंदर लगे दो हेण्ड पम्प करीब 2 माह से खराब पड़े हुये है। हेण्ड पम्प खराब होने के कारण लोगो को दूर दराज से पानी लाना पड़ता है। गाँव की महिला मंधू सिंह ने बताया कि हेण्ड पम्प लगा है जिससे एक मुहल्ले के लोगो का काम चलता था, लेकिन दो माह से खराब होने के कारण पानी की बड़ी समस्या बनी हुई है। जिम्मेदारो सहित सरपंच को सूचना दी गई लेकिन, अब तक वह हेण्ड पम्प ठीक नही हो सका। ग्रामीण श्रीपाल ने बताया कि गाँव के अंदर हेण्ड



पम्प लगा हुआ जो दो-तीन माह से खराब पड़ा है। सरपंच को सूचना दी लेकिन सुधार नही कराया गया है। सिंगारपुर के तीन हेण्ड पम्प खराब होने के कारण अब लोग पीने तक के पानी के लिये परेशान हो रहे है। गर्मियो में और लगे हेण्ड पम्पो में जल स्तर कम होने के कारण पानी कम निकल रहा है। हेण्ड पम्प खराब होने के कारण और बड़ी लोगो की पानी की मुसीबत बनकर रह गई है। जिम्मेदार अधिकारियो कर्मचारियो की अनदेखी और लापरवाही के कारण सिंगारपुर के ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे है। ग्रामीणो का कहना है कि तीन माह से हेण्ड पम्प खराब पड़े पंचायत भवन में सूचना दी गई इसके बावजूद हेण्ड पम्प सुधार कार्य नही करवाया जा रहा है। पानी की अधिक परेशानी होने से ग्रामीणो में जमकर रोष भी ब्याप्त है।

# एमसीबीयू में खुलेगा प्रवेश सहायता केंद्र

## भटकने एवं गलत फॉर्म भरने से बच्चे बचेंगे

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 में छात्र छात्राओं के होने वाले प्रवेश के लिए यूनिवर्सिटी में ही प्रवेश सहायता केंद्र की स्थापना की जाएगी, जिससे छात्रों को संकायों, विषयों एवं शैक्षणिक संस्था आदि की जानकारी प्राध्यापकों की समिति के मार्गदर्शन में सहज रूप से भरने की सुविधा मिल सकेगी। कुलपति प्रो.शुभा तिवारी एवं कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में नए सत्र 2024- 25 में स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर में प्रवेश लेने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को विषय चयन, करने, फीस भरने एवं प्रवेश से संबंधित जानकारी प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ आरके पांडे के निर्देशन में सरस्वती हाल के बाजू वाले कक्ष में छात्र सहायता केंद्र बनाया गया है। छात्रों को प्रवेश संबंधी सहायता हेतु विश्वविद्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्राध्यापकों की एक समिति विद्यार्थियों को विषय चयन करने में तथा प्रवेश शुल्क स्वयं के फोन पे इत्यादि से जमा करने में मदद करेंगे।

### भाजपा ने शक्ति केन्द्रों पर आयोजित की नुक्कड़ सभाएं

**छतरपुर।** भाजपा द्वारा अपने शक्ति केन्द्र कार्यक्रम के लिए छतरपुर विधानसभा का प्रभारी बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू को बनाया गया है। मंगलवार को शहर के विभिन्न शक्ति केन्द्रों पर उनके मुख्य आतिथ्य में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गईं। छतरपुर विधानसभा के बूथ प्रबंधन प्रभारी विनय पटैरिया के प्रबंधन में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में विधायक राजेश शुक्ला ने जनता से टीकमगढ़ लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार को विजयी बनाने की अपील की। कार्यक्रम में विधायक सहित अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के बाद राजेश शुक्ला और भाजपा नेता पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



# 26 को मतदान केन्द्र जाकर करें मताधिकार का प्रयोग

### दिव्यांगों ने बाईक रैली निकाल कर दिया संदेश

**छतरपुर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 26 अप्रैल को वोट डालने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधि अंतर्गत मंगलवार को छतरपुर शहर में प्रातः मतदाता जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी. आर. ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

रैली में दिव्यांगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और युवाओं को मतदान करने का संदेश दिया कि लोकतंत्र को महान बनाने में युवाओं की मतदान में सहभागिता आवश्यक है। इस दौरान डीपीओ राजीव सिंह, नगरपालिका सीएमओ माधुरी शर्मा, नपा स्वीप नोडल सी.पी. गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। यह रैली गांधी आश्रम से शुरू होकर बस स्टैंड होते हुए गांधी आश्रम में समाप्त हुई। रैली के दौरान नारे लगाकर मतदाताओं से वोट डालने की अपील की गई। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी.आर. ने कहा कि आने वाले 26 अप्रैल को सभी मतदाता भाई-बहन अपने मतदान केन्द्र पर जाकर मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।




### मतदान के लिए एक दर्जन वैकल्पिक पहचान-पत्र

मतदान दिवस को मतदाता अपना पहचान पत्र या 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज में से किसी एक को साथ लेकर मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान कर सकता है। वैक?ल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा कार्ड, स्मार्ट कार्ड, सेवा पहचान पत्र, दिव्यांग यूनिक कार्ड, पेंशन दस्तावेज एवं अधिकारिक पहचान पत्र शामिल किए गए हैं।

## श्रद्धालुओं से बड़ी तादाद में शामिल होने श्रीराम सेवा समिति की अपील

# श्री रामनवमीं की भव्य और दिव्य शोभायात्रा आज

**छतरपुर।** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर रामनवमी को श्रीराम सेवा समिति द्वारा 17 अप्रैल को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए अयोध्या नगरी की तरह पूरा छतरपुर धर्ममय हो गया है। विभिन्न समाजों और संगठनों द्वारा शोभायात्रा के स्वागत के लिए दिव्य स्वागत द्वार सजाए गए हैं। पूरा शहर भगवा झंडों से पट गया है और बिजली की रंग बिरंगी झालरों से रोशन हो गया है।



जगह जगह भगवान श्रीराम की दिव्य झांकियों ने वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया है। समिति के कार्यक्रम संयोजक पंकज पहारिया ने शहर और आसपास के ग्रामीण अंचलों के सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार शोभायात्रा में शामिल होकर उसकी शोभा बढ़ाने और पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट अभिलेख खरे ने बताया कि बुधवार को दोपहर 12 बजे गल्ला मंडी स्थित रामचरित मानस मैदान में भगवान श्रीराम का जन्म होगा। इस अवसर पर आकर्षक लीला के मंचन के पश्चात दोपहर 1 बजे रामनवमी की शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। शोभायात्रा में प्रताप नवयुवक संघ द्वारा करीब 700 युवतियों के दल के जरिए करतब दिखाए जाएंगे जो आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके साथ ही शिव पार्वती, राम लक्ष्मण, सीता माता, हनुमान, राधा कृष्ण के स्वरूप, महाराजा छत्रसाल, महाराणा प्रताप, शिवाजी के स्वरूप शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाएंगे। जानराय टोरिया का अखाड़ा, संकट मोचन समिति की झांकी एवं विभिन्न समाजों की झांकी, राम दरबार, भजन मंडली, कीर्तन मंडली, हवन कुंड आदि भी शोभायात्रा में शामिल रहेंगे। इसके अलावा डीजे, बैंड बाजे के साथ हजारों श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल होंगे। शोभायात्रा का शुभारंभ होने से लेकर पूर्णता तक विभिन्न समाज और संगठन भगवान श्रीराम के रथ को खींच कर अपनी सहभागिता करेंगे। सर्वप्रथम रामचरितमानस मैदान से चौक बाजार तक नारी शक्ति, चौक बाजार से उपभोक्ता भंडार तक अहिरवार समाज, उपभोक्ता भंडार से थाना कोतवाली तक श्रीवास समाज, थाना कोतवाली से चित्रगुप्त मंदिर तक सोनी समाज, चित्रगुप्त मंदिर से गलबली सेठ के घर तक कायस्थ समाज, गलगली सेठ के घर से रवि होटल तक ताम्रकार समाज, रवि होटल से महल गेट तक सेन समाज, महल गेट से पुरोहितजी के घर तक क्षत्रिय समाज, पुरोहितजी के घर से पांडे लाइट वालों की दुकान तक प्रजापति समाज, पांडे लाइट वालों की दुकान से दौलत होटल तक रैकवार समाज, दौलत होटल से जिला चिकित्सालय के एक नंबर गेट तक मराठी समाज, जिला चिकित्सालय के एक नंबर गेट से छत्रसाल चौक तक लक्षकार समाज, छत्रसाल चौक से बीएड कॉलेज तक पार्षदगण, बीएड कॉलेज से आकाशवाणी तिराहा तक पटेल समाज, आकाशवाणी तिराहे से सत्यव्रत चतुर्वेदी के घर तक ब्राह्मण समाज, चतुर्वेदीजी के घर से आईसीआईसीआई बैंक तक गुड मॉर्निंग ग्रुप एवं कलचुरी समाज, आईसीआईसीआई बैंक से कर्मा देवी मंदिर तक साहू समाज, कर्मा देवी मंदिर से भाजपा कार्यालय तक विश्वकर्मा समाज, भाजपा कार्यालय से खेरे की देवी मंदिर तक यादव समाज, खेरे की देवी मंदिर से पठापुर तिगड्डा तक कुशवाहा समाज, पठापुर तिगड्डा से अग्रसेन चौराहा तक बाल्मिक एवं बरार समाज, अग्रसेन चौराहा से जवाहर पेट्रोल पंप तक अग्रवाल समाज, जवाहर पेट्रोल पंप से अपोलो क्रॉस बाजार तक चौरसिया समाज, अपोलो क्रॉस बाजार से महेश टॉकीज तक किन्नर समाज व खटीक समाज, महेश टॉकीज से फब्बारा चौक तक गोस्वामी समाज, फब्बारा चौक से पुराना चित्रा वीडियो तक पटवा समाज, पुराना चित्रा वीडियो से दूधनाथ मंदिर तक पंजाबी समाज व नामदेव समाज, दूधनाथ मंदिर से गर्ग हाउस तक ओमरे समाज व सिंधी समाज, गर्ग हाउस से गहोई धर्मशाला तक जैन समाज, गहोई धर्मशाला से हटवारा गांव की देवी मंदिर तक गहोई समाज, हटवारा गांव की देवी मंदिर से बिहारी जी मंदिर तक असाटी समाज रथ को खींचेगा। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस रामचरित मानस मैदान पहुंच कर पूर्णता प्राप्त करेगी। श्रीराम सेवा समिति ने सभी श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में मर्यादित आचरण के साथ सहभागिता करने की अपील की है।

### माँ बगराजन के दरबार में हुई महाआरती, छप्पन भोग का लगा प्रसाद

**महाराजपुर।** नगर के मध्य में पहाड़ी पर विराजमान माँ बागराजन के दरबार में चैत्र नवरात्रि की सप्तमी को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत मां के दरबार में संगीतमय महाआरती हुई और छप्पन भोग का प्रसाद लगा। मंदिर के पुजारी उमाशंकर शर्मा पप्पू महाराज ने बताया मां बगराजन का यह मंदिर प्राचीन और चमत्कारिक है। नवरात्र के नौ दिनों में यहां प्रतिदिन हवन-पूजन होता है। वहीं नगर के लोग कन्या भोज भी करवाते हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष चैत्र नवरात्र की सप्तमी को भक्त छप्पन भोग का महाप्रसाद लगाकर मां की संगीतमय आरती करते हैं, उसी क्रम में इस वर्ष भी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम में सायं 7 बजे से रात 10 बजे तक चला। आरती के उपरांत महाप्रसाद का वितरण हुआ।




**ई-नीलामी सूचना**

## ऋण वसूली अधिकरण

**भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)**
**797– द्वितीय तल शांतिकुन्ज जबलपुर–(म. प्र.), 482001**

**Case No.: RC 408/2020 in O.A. No.886/2019**

**ई-नीलामी कमांक: 97/2024**

**Punjab National Bank वि. Shri Satish Mishra** एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC 408/2020 in O.A. No.886/2019** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs. 16,83,513.00 (Rupees Sixteen Lakh Eighty Three Thousand Five Hundred Thirteen Only)** तथा उस पर 10.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 08.03.2019 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रकिया के तहत वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगीं ।

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय 27-05-2024 दोपहर 12.00 से 01.00**

**संपत्ति की अनुसूची**

Residential Property bearing Khaara No. 1869/1/4/min-1, P.11 N0.50, area admeasuring 1000 Sq.ft., Situated at Mouja-Bagota, Behind of power House, Jiwan Jyoti Colony, Sati Road, Chhui Khadan Marg, Chhatarpur (M.P), Property in the none of **Satish Mishra S/o Santosh Kumar Mishra.**

**प्रारक्षित मूल्य : Rs. 13,80,000.00 (Rupees Thirteen Lakh Eighty Thousand only)**

**1.** इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए अधिक विवरण हेतु **https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24**, for help a bidder in e-auction contact to **Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466, E-mail id: mpcg@c1india.com or E-Mail id : support@bankeauctions.com 2.** इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट **https://www.bankeauctions.com** पे उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर ले । **3.** बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी ( विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ लें ) **4.** अग्रिम जमा धरोहर राशि ( ईएमडी )हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये **Rs.1,38,000.00 (Rupees One Lakh Thirty Eight Thousand only)** है RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account No. **31067074055** in the name of Recovery Officer, E-auction DRT, Jabalpur with **STATE BANK OF INDIA, RIDGE ROAD BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code: SBIN0007208)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा । **5.** निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 24.05.2024 अथवा इसके पूर्व 17-00 बजे तक जमा करनी होगी. **6.** ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, 797- द्वितीय तल शांतिकुन्ज जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें . **7.** ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम **Rs.15,000.00 (Rupees Fifteen Thousand only)** होगीं ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा । **8.** असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि ( ईएमडी ) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उस का भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगीं इच्छुक निविदा कर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि ( ईएमडी ) जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफल बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगीं । **9.** सफल बोली कर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि ( ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए ) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका- 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी है होगी । **10.** सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 ( प्रति संपत्ति अलग अलग ) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वा दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणाजारी करने के पश्चात पुन: विक्रय की जायेगीं अधो हस्ताक्षर कर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त करली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोली कर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगें । **11.** संपत्ति ''जहां है जैसी है जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार पर विक्रय की जायेगीं । **12.** संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 13-05-2024 प्रात: 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा । **13.** संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी । **14.** वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा । **15.** इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Sanjay Sharma Chief Manager, Mob. No. 9012683623** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर लें तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरहं से जिम्मेदार नहीं होगा । संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है । **16.** ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s. C-1 India Pvt. Ltd.**, website: **https: //www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24**, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; **E-mail id: mpcg@c1india.com or E-Mail id : support@bankeauctions.com 17.** संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Sanjay Sharma Chief Manager, Mob. No. 9012683623** से प्राप्त की जा सकती हैं। **18.** इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते हैं प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वत: सुनिश्चित करनी होगीं डीआरटी/बैंक /सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विघुत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।

प्रीती देसाई
वसूली अधिकारी - ।।
डी आर टी, जबलपुर

स्थान : जबलपुर
दिनांक :20.03.2024


# भगवान राम के विराजने से युवाओं में बढ़ा राम नाम लेखन का उत्साह

### हिंदु उत्सव समिति के श्री राम नाम बैंक की निधि हुई 45 करोड़

**छतरपुर।** 22 जनवरी को श्री राम लला के अयोध्या नगरी में विराजने के साथ ही युवाओं में श्री राम नाम लेखन के प्रति रुचि बढी है। युवाओं का कहना है कि भगवान का नाम लेखन से मन को शांति मिलती है। कुछ युवा कहते हैं की श्री राम नाम लेखन के प्रभाव से उनके जीवन में बदलाव देखने को मिल रहा है। हिंदू उत्सव समिति द्वारा संचालित श्री राम नाम बैंक की निधि 45 करोड़ पहुंच गई है।

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि ढाई सैकड़ा से अधिक लोग नियमित श्री राम नाम लेखन कार्य में लगे हैं। छतरपुर में श्री राम नाम बैंक स्थापना के पूर्व श्री राम नाम लेखन करने वाले लोग अन्य स्थानों से पुस्तक खरीद कर यथा संभव श्री राम नाम धन को तीर्थ स्थलों तक पहुंचाते थे लेकिन 13 जनवरी 2021 को छतरपुर में श्री राम नाम बैंक के स्थापित होने से अब लोग यहां श्रीराम नाम धन जमा करते हैं। बैंक से निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराई जाती है और लेखन के बाद उन्हें जमा भी की जाती है । इस समय युवाओं में श्री राम नाम लेखन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।



### श्री राम नाम लेखन से बढ़ती है एकाग्रता

एक युवा हिमांशु अग्रवाल कहते हैं कि श्री राम नाम लेखन करने से उनकी एकाग्रता बढ़ती है। हिमांशु का कहना है कि जब भी समय मिलता है वह श्री राम नाम लेखन कार्य करने लगता है। नाम लेखन से न केवल एक बार भगवान का नाम स्मरण में आता है बल्कि लेखन कार्य से दो से तीन बार नाम स्मरण होता है।

### आध्यात्मिक संत श्री राम हर्षण महाराज से मिली नाम लेखन की प्रेरणा

अयोध्यापुरी के आध्यात्मिक संत परम पूज्य श्री राम हर्षण दास महाराज की प्रेरणा से एक अन्य युवा प्रिंस साहू को राम नाम लेखन की रूचि जाग्रत हुई। प्रिंस ने बताया कि वह श्री राम हर्षणदास महाराज जी के बारे में लोगों और संतों के मुख से सुना करता था। प्रिंस को जब से उनके जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त हुई तब से वह श्री राम नाम लेखन के कार्य में जुट गया।

### भगवान राम की प्रतिमा की स्थापना के बाद लिखने लगा श्री राम नाम

एक अन्य युवा हर्ष साहू का कहना है कि अयोध्या धाम में जब से राम लला विराजमान हुए तब से उसका मन श्री राम नाम लेखन में लग गया है। श्री राम नाम लेखन से मन को शांति मिलती है और व्यसनों की ओर मन अग्रसर नहीं होता। सनातन धर्म हम सबको सात्विक जीवन जीने का न केवल मार्ग दिखाता है बल्कि इसके लिए प्रेरित करता है।

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर ने विभिन्न खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण



रीवा ! अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने उपार्जन के लिए बनाये गये विभिन्न खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गुढ़ में समिति गोदाम एवं भैरवबाबा स्थित खामडीह वेयरहाउस तथा महसांव खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर किसानों की सुविधा के लिए छाया, पानी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने गेंहू की तौलाई सहित वाहनों के खड़े होने के स्थान एवं उपार्जित गेंहू के सुरक्षित भण्डारण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो तथा उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण और समय पर किसानों को भुगतान सुनिश्चित कराया जाय।

### प्रचार रथ से मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक



रीवा। लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। मऊगंज जिले के ग्राम पंचायत झूरा तथा गौरी में प्रचार रथ के माध्यम से ग्रामीणजनों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गत 21 मार्च से प्रचार रथ भ्रमण कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार प्रचार रथ 20 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे। इनके द्वारा मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### रीवा के नवयुवक का यूपीएससी सिविल सर्विसेस में हुआ चयन



रीवा । संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सीएसई 2023 के परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें रीवा के अंकेश वर्मा का भी चयन सिविल सर्विसेस के लिए हुआ है। अंकेश की एआईआर 813 है। यूपीएससी ने मंगलवार, 16 अप्रैल 2024 को सिविल सर्विसेस एक्जाम (CSE) 2023 के परिणाम जारी किए हैं। परिणाम आने के बाद रीवा में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। रीवा के तहसील रायपुर कर्चुलियान स्थित पुरवा पडरिया गांव के निवासी अंकेश वर्मा की सीएसई में 813 रैंक आई है। अंकेश ने 2019 में एमपीपीएससी क्वालिफ़ाई किया था। वे वर्तमान में उद्योग विभाग दमोह में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर पदस्थ हैं एमपीपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद से ही अंकेश यूपीएससी की तैयारी में जुट गए थे। मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले अंकेश ने पहले अटेम्प्ट में यूपीएससी की परीक्षा पास की है। अंकेश अपने घर में सबसे छोटे हैं। उनके एक भाई और एक बहन हैं। माता सरकारी शिक्षक हैं। अंकेश ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों को दिया है।

### पापा के सपनों को किया पूरा



रीवा। आज यूपीएससी का परिणाम आने के बाद हेडगेवार निवासी मीना बंसल पत्नी स्व:अरुण बंसल की बेटी सुश्री वेदिका बंसल ने पूरे भारत में 96वीं रैंक लाकर अपने माता-पिता के सपनों को पूरा किया साथ ही गुरुजनों एवं मार्गदर्शकों के विश्वास में खरी साबित हुई।बचपन से उच्च सेवा के प्रति आकर्षण की भावना से मोहित होकर अपनी पढ़ाई पूरे लगन से जारी रखी और प्रथम प्रयास में ही 96 वीं रैंक लाकर अग्रवाल समाज रीवा का नाम पूरे मध्यप्रदेश में रौशन किया उनकी इस उपलब्धि से अग्रवाल समाज अध्यक्ष एड.सुनील अग्रवाल,एड. नूतन अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष सौरव अग्रवाल सनी,एड.मनोज अग्रवाल,योगेश अग्रवाल,डॉ.हरिओम हर्ष व्यक्त किया।

## नोडल अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से कार्य करें - जिला निर्वाचन अधिकारी

# नोडल अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से निर्वाचन संबंधी कार्य करें।




रीवा

सौंपी गई जिम्मेदारी के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशों का पालन करते हुए निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया पूरी कराएं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में चाही गई जानकारियाँ प्रतिदिन यूआरएल में अपलोड करें। मतदान में अब कुछ ही दिन शेष हैं। मतदान से जुड़ी सभी तैयारियाँ समय पर पूरी कर लें। निर्वाचन कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान केन्द्र की मूलभूत सुविधाओं का सत्यापन कर लें। मतदान दलों को भोजन, ठहरने, पानी, बिजली आदि की सुविधा में किसी भी तरह की कमी न रहे। दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं को 18 तथा 19 अप्रैल को होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए तैनात 67 दलों को वाहन, वीडियोग्राफर तथा सुरक्षाकर्मियों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी डाक मतपत्र सभी मतदान कर्मियों को मतदान की सुविधा देने के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त कर सक्षम अधिकारी से हस्ताक्षरित ईडीसी जारी कराएं। सर्विस वोटरों के ईटीपीबीएस प्राप्त होने लगे हैं। इन्हें पुराने कलेक्ट्रेट भवन में बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रतिदिन सुरक्षित भण्डारित कराएं। स्ट्रांग रूम खोलने और बंद करने का समय निर्धारित कर इसकी सूचना उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों को अवश्य दें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयुक्त नगर निगम निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार मतदान सामग्री के विधानसभावार तथा मतदान केन्द्रवार थैले तैयार कर लें। सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर मतदान सामग्री प्राप्त कर इसका चेकलिस्ट से मिलान करा लें जिससे सामग्री वितरण के समय किसी तरह की परेशानी न हो। ईव्हीएम मशीनों की कमीशनिंग इंजीनियरिंग कालेज में की जाएगी। इसकी भी सूचना उम्मीदवारों को अवश्य दें। विधानसभावार बनाए गए कक्षों में सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर ईव्हीएम की कमीशनिंग कराएंगे। निर्वाचन कार्य के लिए आवश्यक वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। सेक्टर आफीसरों तथा कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को वाहन समय पर उपलब्ध कराएं। मतदान दलों के लिए अधिग्रहीत बसें 22 अप्रैल की शाम से इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभावार उपलब्ध करा दें। जिससे इनमें जीपीएस सिस्टम लगाया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एक हजार से अधिक मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की जाएगी। इसके लिए 24 अप्रैल तक मतदान केन्द्रों में कैमरे स्थापित करा दें। जीपीएस सिस्टम तथा वेबकास्टिंग की निगरानी के लिए इंजीनियरिंग कालेज में पर्याप्त संख्या में टीवी लगवाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सेक्टर आफीसरों के साथ मेडिकल टीम की ड्यूटी लगा दें। मतदान सामग्री के साथ प्राथमिक उपचार की दवाओं का किट भी वितरित कराएं। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्यय लेखा निगरानी, शिकायतों के निराकरण, डाक मतपत्र से मतदान, स्ट्रांगरूम की व्यवस्था, मतदान केन्द्र की व्यवस्था, कम्युनिकेशन प्लान, स्वीप गतिविधि तथा कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की। बैठक में प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। रिजर्व दल के सदस्यों, माइक्रो प्रेक्षक तथा कुछ अन्य कर्मचारियों को भी एक ही दिन प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 5283 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। जिन मामलों में इस्तगासा दायर किया गया है उन सभी में शीघ्र ही प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर ली जाएगी। बैठक में सभी एसडीएम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले तथा सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिना मुंडेर वाले कुआं एवं खुले बोरवेलों को सुरक्षात्मक तरीके से बंद किया जाए- कलेक्टर

मऊगंज।

कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि रीवा जिला अंतर्गत मनिका गांव में खुले बोरवेल में बच्चे गिरने की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा इस बारे में पहले भी लोगों से आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा धारा 144 के अंतर्गत आदेश भी जारी किया गया है कि खुले में बोरवेल या पुराने अनुपयोगी कुएं या इस तरह के कोई भी संरचना हो जिसमें दुर्घटना होने की संभावना बनती हो उसमें सुरक्षात्मक तरीके से पूरी सुरक्षा के साथ उसको बंद किया जाए। ऐसी संरचना को अच्छे से सील किया जाए। इस विषय को लेकर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने दोबारा लोगों से आग्रह करते कहा कि यह बहुत ही मानवीय विषय है इसमें पूरी संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्ण संवेदना से काम करते हुए अपने आस पड़ोस में चेक कर ले। और अब भी कहीं कोई खुला हुआ बोरवेल हो या इस तरह का पुराना सूखा अनुपयोगी कुआं या बावड़ी हो इस टाइप की जो असुरक्षित हो या बिना मुंडेर वाले कुआं हो वहां मुंडेर बनवाई जाय और खुले बोरवेल को बंद करें। जिससे दुर्घटना से बचा जा सके। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने आम जनमानस से आग्रह करते हुए कहा कि सभी लोग जागरूकता का परिचय देते हुए और पूरी सजगता से प्रयास करें कि इस तरह की कोई घटना हमारे आसपास ना होने पाए। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यह विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है मैं सभी से आग्रह करता हूं की सब लोग इसमें आगे आए और अपने आसपास विशेष ध्यान रखें की कोई खुला बोर न हो। इस विषय पर जागरूकता से अपनी जागरूकता का परिचय दें और यदि इस तरह की कोई जानकारी आती है तो मऊगंज जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएं। साथ ही संबंधित क्षेत्र के जो राजस्व अधिकारी हैं यह जनपद के अधिकारी हैं उनके संज्ञान में लाएं।

### निर्वाचन व्यय लेखा का द्वितीय निरीक्षण आज

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा का द्वितीय निरीक्षण आज 17 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों से अपने निर्वाचन व्यय लेखे का निरीक्षण कराने की अपेक्षा की है।

## बोरवेल की सूचना ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय को देना अनिवार्य - कलेक्टर

### अनूपयोगी बोरवेल के संबंध में 30 अप्रैल तक कार्यवाही पूरी करें - कलेक्टर

रीवा

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को खुले बोरवेल बंद कराने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सभी निजी और सरकारी बोरवेलों का सर्वेक्षण कराएं। अनुपयोगी तथा खुले बोरवेलों की सूची तीन दिवस में तैयार कर सभी खुले बोरवेल बंद कराएं। जिन बोरवेलों में क्रेसिंग पाइप लगा हुआ है उन्हें लोहे के कैप से बंद कराएं। जिन बोरवेलों में क्रेसिंग पाइप नहीं हैं उन्हें पूरी तरह से भरकर बोरिंग मशीन से फिलिंग कराकर ठीक से बंद कराएं। इसके बाद उनके मुहाने को कंक्रीट से बंद कराएं। एसडीएम हर बोरिंग मशीन द्वारा खुले बोरवेल की फिलिंग का प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।




कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम विकासखण्ड स्तर पर बैठक लेकर बोरवेल के संबंध में समुचित निर्देश तत्काल जारी करें। इस संबंध में पूर्व में भी निर्देश दिए गए हैं। इनका पालन सुनिश्चित कराएं। अनुपयोगी बोरवेल को बंद कराने की शत-प्रतिशत कार्यवाही 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूरी कराएं। ग्राम पंचायतवार तथा शहरी क्षेत्र में निकायवार सर्वेक्षण करके बोरवेलों की सूची संधारित करें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। एसडीएम, जनपद के सीईओ तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूची का स्वयं सत्यापन करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई अधीनस्थ अमले को इस संबंध में निर्देश देकर बोरवेलों को बंद कराने की कार्यवाही कराएं। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 दिनों तक कोई बोरिंग नहीं होगी। बोरिंग केवल पंजीकृत बोरिंग मशीनों से कराने की अनुमति होगी। बोरिंग कराने से पहले नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत को अनुमति सहित सूचना देना अनिवार्य होगा। सभी एसडीएम नलकूप खनन की अनुमति जारी करने के बाद उसकी सूचना संबंधित ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय को अवश्य दें। बिना अनुमति यदि कहीं पर बोरिंग करते पाए जाएं तो प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें। किसी भी स्थिति में 30 अप्रैल के बाद अनुपयोगी बोरवेल खुला नहीं रहेगा। इस निर्देश का उल्लंघन होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। तय समय सीमा के बाद जिला स्तरीय टीम से बोरवेलों का सत्यापन कराया जाएगा। जिला प्रबंधक लोकसेवा गारंटी जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन दल तथा कंट्रोल रूम से बोरवेलों के सत्यापन की मॉनीटरिंग करें। आमजनता से भी यदि किसी अनुपयोगी बोरवेल के संबंध में सूचना मिलती है तो उसे तत्काल बंद कराने की व्यवस्था करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने अनुपयोगी बोरवेलों के संबंध में शासन के निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि विभागीय सर्वे के बाद 19401 अनुपयोगी बोरवेल चिन्हित किए गए थे। इनमें लोहे की कैप लगाकर भलीभांति बंद किया गया है। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ईडीसी वितरण व्यवस्था का लिया जायजा

### निर्वाचन कार्य में तैनात प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को मतदान का अवसर मिलेगा

रीवा

मतदान दल के सदस्यों को दूसरे चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी मतदान कर्मियों को मताधिकार के उपयोग की सुविधा देने के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भरवाकर ईडीसी जारी किए जा रहे हैं। ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में ईडीसी जारी करने के लिए विधानसभावार अलग-अलग कक्षों में व्यवस्था की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने ईडीसी वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य में तैनात प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को मतदान का अवसर मिलेगा। जिन व्यक्तियों के नाम रीवा संसदीय क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल हैं उन सभी को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन लेकर ईडीसी जारी की जा रही है। सभी अधिकारी और कर्मचारी अनिवार्य रूप से आवेदन देकर अपने ईडीसी प्राप्त करें। जिससे उन्हे मतदान का अवसर मिल सके।

कलेक्टर ने कहा कि प्रभारी अधिकारी ईडीसी जारी किए गए तथा प्रपत्र भरकर वापस लौटे आवेदनों की विधानसभावार सूची तैयार कर लें। सक्षम अधिकारियों से हस्ताक्षर कराकर निर्वाचन कार्य में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के ईडीसी जारी करा दें। कलेक्टर ने मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों तथा अन्य निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के ईडीसी जारी करने के संबंध में निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने ईडीसी के संबंध में प्रपत्रों के वितरण और प्रपत्र जमा करने के संबंध में विधानसभावार जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग आफीसर बीके पाण्डेय, सहायक रिटर्निंग आफीसर आरके मेहता तथा नोडल अधिकारी डाक मतपत्र सुदामा गुप्ता उपस्थित रहे।



### चुनाव प्रशिक्षण की हर जानकारी आत्मसात करें - कलेक्टर

रीवा। मतदान दल में शामिल मतदान कर्मियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय के चार प्रशिक्षण केन्द्रों में दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीआरएस कालेज में आयोजित प्रशिक्षण का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल के अधिकांश सदस्यों को मतदान कराने का अनुभव है। कुछ माह पूर्व संपन्न विधानसभा निर्वाचन में भी आप सबने कुशलता से मतदान संपन्न कराया है। चुनाव प्रशिक्षण में पूरी प्रक्रिया की बिन्दुवार जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में दी जा रही हर जानकारी को आत्मसात करें। मतदान के संबंध में निर्वाचन आयोग के नवीनतम निर्देशों का भी अध्ययन कर लें। निर्देशों का पालन करते हुए मतदान प्रक्रिया संचालित करेंगे तो किसी भी तरह की कठिनाई नहीं आएगी। कई बार छोटी सी असावधानी से बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए पूरी सावधानी के साथ मतदान की प्रक्रिया पूरी कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्र में पहुंचने के बाद मतदान के लिए आवश्यक तैयारियाँ कर लें। सुबह निर्धारित समय पर मॉकपोल कराकर ईव्हीएम को क्लियर करके मतदान के लिए तैयार कर लें। व्हीव्हीपैट से मॉकपोल के बाद पर्चियाँ निकालकर काले लिफाफे में बंद करके सुरक्षित रख लें। मौके पर उपस्थित मतदान एजेण्टों को भी ईव्हीएम में मत शून्य होना प्रदर्शित करके दिखा दें। मतदान केन्द्र में मतदाता के अलावा केवल प्राधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दें। सभी मतदान केन्द्रों में छाया, पानी, शौचालय, रैम्प, बिजली आदि की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। मतदान दल को बीएलओ तथा स्थानीय कर्मचारी सहयोग देंगे। कलेक्टर ने मतपत्र लेखा सावधानी से तैयार करने तथा मतदान सामग्री एवं ईव्हीएम जमा करने के संबंध में निर्देश दिए। प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने भी मतदान कर्मियों को मतदान की प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी।

## डाकमत पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए बनाये गये स्ट्रांग रूम का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए ईटीपीबी एवं होम वोटिंग के प्रतिदिन प्राप्त होने वाले डाकमत पत्रों को पुराने कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष क्रमांक 15 में निर्मित स्ट्रांग रूम में प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षित रखा जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने डाकमत पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए बनाये गये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि स्ट्रांग रूम में मतपत्रों की सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। डाक विभाग से समन्वय बनाकर प्रतिदिन डाकमत पत्र प्राप्त कर उनका सुरक्षित भण्डारण करायें।



स्ट्रांग रूम में सीसीटीव्ही कैमरा चालू हालत में रहे तथा सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात रहें। उन्होंने निर्देशित किया कि डाकमत पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिदिन शाम 5 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाय तब अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्यतः रहे। स्ट्रांग रूम में एक रजिस्टर का संधारण किया जाय जिसमें स्ट्रांग रूम खोले जाने के समय व बंद होने के समय में उपस्थिति व्यक्तियों के अनिवार्यतः हस्ताक्षर लिये जांय। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले एवं प्रभारी अधिकारी स्ट्रांग रूम नायब तहसीलदार अरूण यादव उपस्थित रहे।

## उपार्जन केन्द्रों के लिए प्रभारी अधिकारी (नोडल) नियुक्त

रीवा। जिले के सभी खरीदी केन्द्रों के लिए प्रभारी अधिकारी (नोडल) नियुक्त किये गये हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने किसानों की सुविधा एवं उपार्जन केन्द्रों की सतत मानीटरिंग के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये हैं। प्रभारी अधिकारी उपार्जित गेंहू के रखरखाव व उसके व्यवस्थित भण्डारण की भी मानीटरिंग भी करेंगे। सभी प्रभारी अधिकारी अपनी रिपोर्ट अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित करेंगे। खरीदी केन्द्रों में होने वाली अनियमितताओं के लिए केन्द्र प्रभारी/समिति प्रबंधक के साथ-साथ प्रभारी अधिकारी भी व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार होंगे। खरीदी केन्द्र गुढ़ एवं भैरवबाबा वेयरहाउस बोर्ड गुढ़ के लिए एसडीएम अनुराग तिवारी, पांती, गुढ के लिए तहसीलदार विनय मूर्ति शर्मा, रविशंकर चौरसिया वेयरहाउस के लिए नायब तहसीलदार तेजपती सिंह, कोनी, अतरैला, दोंदर, चौखण्डी एवं बरहुला के लिए नायब तहसीलदार राजेश कुमार शुक्ला, डभौरा वेयरहाउस क्रमांक एक व रिमारी के लिए तहसीलदार राजेन्द्र शुक्ला, जवा एवं भुनगांव के लिए एसडीएम पीयूष भट्ट, नौवस्ता, चन्द्रपुर एवं त्योंथर के लिए एसडीएम संजय कुमार जैन, त्रिवेदी वेयरहाउस लाद, किसान वेयरहाउस व परसिया एवं कुठिला के लिए तहसीलदार राजेश तिवारी, सोहागी, सोहरबा एवं बरहा के लिए नायब तहसीलदार द्वारिका प्रसाद दहायत, अमिलिकी, अतरैला चाक, सोनौरी व ढ़खरा के लिए नायब तहसीलदार भगवानदास रैदास तथा मांगी, रायपुर चाक, पड़री व अमाव के लिए नायब तहसीलदार वीरेन्द्र द्विवेदी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।